कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2023 / 4756 रायपुर, दिनांक 27.09.2023

प्रेस विज्ञप्ति

संचालनालय कृषि के अंतर्गत ''ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी'' भर्ती परीक्षा 2023 (RAEO23) हेतु संभावित परीक्षा कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा अपर संचालक कृषि, संचालनालय कृषि, छ.ग., रायपुर के पत्र क्र./स्था./अ–1–ब(1)/सी.भ./03–2023/699/दिनांक 27.09.2023 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर ''ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी'' के रिक्त पदों पर भर्ती परीक्षा 2023 के ऑनलाइन आवेदन देने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के पश्चात् उसी प्रोफाइल पर लॉगिन कर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे –

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	29.09.2023 (शुक्रवार)
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	–	26.10.2023 (गुरूवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3.	त्रुटि सुधार	–	27.10.2023 से 29.10.2023 तक

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी की बजट सत्र के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप एवं लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क के सम्बंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के सम्बंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10–2 /2022/एक(1), दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा ।

इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी । परीक्षा तिथि एवं परीक्षा का समय व्यापम की वेबसाइट पर बाद में घोषित की जायेगी ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर